**खबर संक्षेप**

### स्वीप कार्यक्रमः सभी ग्रामीण और नगरीय निकायों में साइकिल रैली आज

**सतना।** लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सतना और मैहर जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदाता जागरुकता अभियान के लिये जारी कैलेंडर के अनुसार 1अप्रैल को सभी ग्रामीण और नगरीय निकायों में साइकिल रैली आयोजित की जायेगी। सतना शहर में मतदाता जागरूकता साईकल रैली के आयोजन में प्रातः 7 बजे से नगर पालिक निगम कार्यालय सतना से प्रारम्भ होगी। जो स्टेशन रोड से होते हुए कोतवाली चौक,धवारी चौराहा,राजेंद्र नगर से होते हुए सिविल लाइन चौपाटी पर समाप्त होगी।

### प्रत्येक 2 घंटे में भेजी जायेगी एक्शन टेकन रिपोर्ट

**सतना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान के दिन एवं मतदान से एक दिन पूर्व ईएमएमसी (इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मॉनीटरिंग कमेटी) से प्राप्त आइटम या न्यूज पर प्रति 2 घंटे में एक्शन टेकन रिपोर्ट भारत निर्वाचन आयोग को भेजी जानी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने लोकसभा निर्वाचन के लिये ईएमएमसी की रिपोर्ट भेजने संयुक्त कलेक्टर सुधीर कुमार बैक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### दस हजार से अधिक का नकद भुगतान नहीं कर सकेंगे उम्मीदवार

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी निर्वाचन व्यय के किसी भी मद में किसी भी व्यक्ति या इकाई को दस हजार रूपये से अधिक का भुगतान नकद में नहीं कर सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार उम्मीदवार को अपने निर्वाचन व्यय के किसी मद पर दस हजार से अधिक की राशि का भुगतान रेखांकित या एकाउंट पेई चेक,ड्राफ्ट अथवा आरटीजीएस या एनईएफटी के माध्यम से ही करना होगा। आयोग ने ये निर्देश आयकर अधिनियम की धारा 40ए (3) में एक अप्रैल 2017 को हुए संशोधन के मद्देनजर जारी किया है। इन निर्देशों में कहा है कि उम्मीदवारों अथवा राजनैतिक दलों द्वारा दस हजार रूपये से अधिक की राशि नगद के रूप में न तो खर्च की जा सकती है और न ही किसी से चंदे के रूप में ली जा सकती है। निर्वाचन आयोग के मुताबिक निर्वाचन व्यय के रूप में दस हजार रूपये तक राशि का भुगतान भी उम्मीदवारों द्वारा निर्वाचन व्यय के प्रयोजन से पृथक से खोले गये बैंक खाते से आहरित कर ही किया जा सकेगा।

### मध्यप्रदेश भूलेख पोर्टल एक से 5 अप्रैल तक रहेगा बंद

**सतना।** कृषि वर्ष परिवर्तन के कारण कार्यालय आयुक्त,भू-अभिलेख ग्वालियर द्वारा संचालित मध्यप्रदेश भूलेख पोर्टल की सेवाएँ एक अप्रैल, 2024 से 5 अप्रैल, 2024 तक स्थगित रहेंगी। यह जानकारी कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख ग्वालियर द्वारा दी गई है।

### 22 वाहनों पर हुई चालानी कार्यवाही, काली फिल्म निकाली

**कटनी।** एसपी के निर्देशन में स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए लगातार वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। जिसके तहत गत दिवस एसएसटी नाका ग्राम छपरा मे सघन वाहन चेकिंग के दौरान के वाहनों में लगी काली फिल्म व पदनाम वाली नंबर प्लेट्स निकलवा कर चालानी कार्यवाही की गयी। कुल 22 वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई, एवं वाहन चैकिग दौरान स्कॉर्पियो वाहन क्र. एम पी 18 सी ए 2632 को चेक किया गया जिसमे 561 फीस रेडीमेड कपड़े व 18 बाक्स पेन्ट के कीमती 1 लाख 65 हजार 583र रुपए के मिले जिन्हें जब्त किया गया।

# भाजपा और कांग्रेस के लिए प्रतिष्ठा की सीट बनती जा रही है सतना लोकसभा

## मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का दौरा इस माइने में अहम

इस बार का लोकसभा चुनाव काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी 400 पार का नारा दे चुकी है। कांग्रेस इस नारे को झुठलाना चाहती है। इस बीच बहुजन समाज पार्टी का भी अपना एक अहम रोल देखने को मिल रहा है।





**सतना।**

इन सारी बातों के बीच सतना लोकसभा की सीट भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के लिए प्रतिष्ठा की सीट बनती जा रही है। यही वजह है कि 3 अप्रैल को मुख्यमंत्री मोहन यादव सतना पहुंच रहे हैं और 4 अप्रैल को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी का दौरा भी संभावित है। आपको बता दें कि सतना लोकसभा चुनाव में एक बार ऐसा घटनाक्रम भी हुआ है जिसमें दो पूर्व मुख्यमंत्री वीरेंद्र सकलेचा और कुंवर अर्जुन सिंह को मात देकर बसपा के सुखलाल कुशवाहा चुनाव जीते थे।इस बार बहुजन समाज पार्टी की टिकट पर नारायण त्रिपाठी चुनाव मैदान पर हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि पिछले दिनों संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार सिद्धार्थ कुशवाहा और भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार सांसद गणेश सिंह आमने-सामने थे। भारी कशमकश के बीच संपन्न हुए चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार सिद्धार्थ कुशवाहा ने भाजपा के उम्मीदवार गणेश सिंह को चुनाव हरा दिया। कुछ महीने ही गुजरे और एक बार लोकसभा चुनाव में फिर से दोनों उम्मीदवार आमने-सामने हैं। इस बार जनता के सामने चुनाव को मुद्दा क्या होगा यह तो अभी खुलकर सामने नहीं आ रहा है। लेकिन कई बार बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दे भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बने हुए देखे जाते हैं।भारतीय जनता पार्टी की कोशिश है कि मध्य प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों पर वह विजय हासिल करें। इसके लिए पार्टी पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में जुटी हुई है। यही वजह है कि सतना की सीट भाजपा और कांग्रेस के लिए प्रतिष्ठा की सीट बनी हुई है। गणेश सिंह के प्रतिनिधित्व में चार बार भाजपा की लोकसभा चुनाव में हुई जीत के बाद इस बार कांग्रेस क्या कुछ कर पाती है यह भी देखना दिलचस्प होगा।

# लोकसभा निर्वाचनः 26 अप्रैल को मतदान अवश्य करें

## स्वीप कार्यक्रमों से किया जा रहा मतदाताओं को जागरुक







**सतना।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले में अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किये जाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न आयोजन किये जा रहे हैं। सशक्त लोकतंत्र के निर्माण एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से शासकीय विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों के अलावा सोशल मीडिया इनफ्लूएंसर,कैंपस एबेंसडर,पार्टनर विभाग,गैर-सरकारी संस्थाओं के साथ-साथ विद्यालयीन और महा विद्यालयीन छात्र-छात्राओं द्वारा सहयोग किया जा रहा है। स्वीप गतिविधि आयोजन के क्रम में रविवार को महाविद्यालयीन छात्राओं ने हांथो में मेंहदी रचाकर देश में आयोजित हो रहे लोकतंत्र के उत्सव में मतदान कर सहभागिता निभाने की अपील की। इसी प्रकार महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं द्वारा सतना शहर के विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क कर मतदाताओं को मतदान के लिये जागरुक किया गया। साथ ही 26 अप्रैल को मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया। सभी मतदाताओं से आग्रह किया गया कि खुद मतदान करें और परिवार,पास पड़ोस के नागरिकों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। स्वीप गतिविधियों में राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई शिविर के 5वें दिन मतदाता जागरुकता अभियान के ताहत पोस्टर प्रतियोगिता,रंगोली प्रतियोगिता और मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से मतदान के महत्व को जाना गया और समझा गया।

# फाल्गुन महोत्सव में बरसा गुलाल

## रासलीला देख प्रफुल्लित हुए दर्शक

### फूलों से खेली गई होली,भजनों पर जमकर झूमें राधेश्याम भक्त

**मैहर।**

नगर की सतना रोड स्थित गोविंदनगर कॉलोनी में जमकर रंग बरसा। मौका था खरे परिवार द्वारा आयोजित भव्य फाल्गुन महोत्सव का जहाँ शाम ढलते ही वातावरण कृष्णमयी हो गया मानो मैहर की धरा पर साक्षात वृन्दावन उतर आया हो। सर्वप्रथम श्री बांकेबिहारी जी एवं राधारानी जी का मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन अर्चन किया गया तद्पश्चात कटनी से आये हुए एस एन के म्युजिकल ग्रुप की मधुर धुन एवं समृद्ध खरे के मीठे भजनों की प्रस्तुति पर भक्त जन खूब झूमें। रंग-गुलाल उड़े तथा फूलों की होली खेली गई। इस दौरान इत्र वर्षा भी की गई। बाँके बिहारी लाल की जय,राधारानी की जय और खाटू श्याम के जयकारों से पांडाल गुंजायमान हो गया। श्री राधेकृष्ण रासलीला का भी भक्तजनों ने खूब आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय भक्तों ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के दौरान आयोजक अंजलि-अमित खरे के साथ ही गौरव-प्रिया निगम,इष्टमित्र,पारिवारिक जन एवं काफी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।












# विवेकानंद विद्यालय में पूर्व छात्र-छात्राओं ने लिया गुरुजनों से आशीर्वाद

**मैहर।**

मैहर में वर्ष 1970 में विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैहर में अध्यनरत छात्र एवं छात्राओं ने श्री शारदा स्तंभ घंटाघर चौक के समीप विद्यालय भवन में जहां पर बाल मंदिर से लेकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर तक की पढ़ाई करने वाले छात्र छात्राओं ने भारत ही नहीं विश्व के मानस पटल में यहां के अध्यनरत छात्रों ने विद्यालय का नाम तो रोशन किया और आज कितनी ऊंचाइयों पर हैं उन्हें इस बात का गर्व व अपने विद्यालय वाले पढ़ने वाले कक्ष में जाकर पुनः गुरु पंडित रामनरेश तिवारी के चरणों का आशीर्वाद लिया एवं मां शारदा देवी का दर्शन कर और एक साथ अपने परिवार जनों के बीच मैहर पहुंचकर दो दिवसीय भ्रमण में एकनी एक से लेकर छोटा आ और एबीसीडी और 123 के पढ़ने का ब्लैक बोर्ड अंकित चाक से लिखने की प्रक्रिया को भी बारीकियों से देखा। यहां पर पदस्थ कर्मचारियों श्रीनिवास के अलावा अपने परिवार जनों के साथ पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने पुरानी यादों को ताजा किया जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष धर्मेश घई,अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अतुल द्विवेदी, मध्यांचल ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक रहे अंबालाल पटेल,विवेकानंद शिक्षा समिति के अध्यक्ष बी एल अग्रवाल, लक्ष्मी प्रसाद अग्रवाल, सोमेंद्र सिह एडवोकेट,वरिष्ठ पत्रकार राम प्रकाश गुप्ता,सुधीर घई,जतिंदर सिंह होरा, बलमा कलवानी,जयश्री जैन, चेतना सहगल,अलका अग्रवाल, शरद खरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन गणेश अग्रवाल एवं आभार जयंत जैन के साथ ही विभिन्न छात्राओं ने अपनी याद ताजा करते हुए एक दूसरे के परिवार जनों के साथ मुलाकात की।

# चुनाव कार्य में घायल अधिकारियों-कर्मचारियों का होगा कैशलेस उपचार

**सतना।** निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 में चुनाव कार्य के दौरान घायल होने पुलिस और मतदान अधिकारियों-कर्मचारियों के घायल होने की स्थिति में कैशलेस चिकित्सकीय उपचार कराने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। आयोग के निर्देशों के परिपालन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय मध्यप्रदेश ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को पत्र के माध्यम से निर्देश दिए है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में लगे पुलिस एवं मतदान अधिकारियों,कर्मचारियों को चुनाव कार्य के दौरान घायल होने की स्थिति में उन्हें कैशलेस उपचार तुरंत उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सतना को आयोग के निर्देशों से अवगत कराते हुये जिले में स्थित जिला चिकित्सालय एवं अन्य अधिकृत चिकित्सालयों में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता बनाये रखने के निर्देश दिये हैं।

# आज दाखिल नहीं होंगे नामांकन पत्र

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए सतना संसदीय क्षेत्र के लिये नामांकन दाखिल करने की अवधि में अवकाश दिवस में नामांकन दाखिल नहीं होंगे। एक अप्रैल को निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स के तहत सार्वजनिक अवकाश होने से नामांकन पत्र दाखिल नहीं होंगे। लोकसभा निर्वाचन 2024 में दूसरे चरण के नाम निर्देशन भरने की प्रक्रिया 28 मार्च से प्रारंभ हो चुकी है। जो 4 अप्रैल को अपरान्ह 3 बजे तक जारी रहेगी। नामांकन पत्र संयुक्त कलेक्ट्रेट सतना के कक्ष क्रमांक एफ-2 न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट सतना में जमा होंगे।

# चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मी निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र के जरिए कर सकेंगे मतदान

**सतना।**

भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव ड्यूटी पर तैनात अमले को मतदान की सुविधा प्रदान किये जाने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये हैं। चुनाव ड्यूटी पर तैनात वे सभी लोग जो उस स्थान पर मतदान नहीं कर सकते जहाँ मतदाता सूची में उनके नाम दर्ज हैं,उन्हें डाक मत पत्र अथवा चुनाव ड्यूटी प्रमाण-पत्र (इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट) के माध्यम से यह सुविधा प्रदान की जायेगी।निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार यदि किसी कर्मचारी की चुनाव ड्यूटी उसी चुनाव क्षेत्र में लगती है जहाँ का वह मतदाता है तो उसे चुनाव ड्यूटी प्रमाण-पत्र से यह सुविधा प्रदान की जायेगी। इस सुविधा के तहत वह चुनाव ड्यूटी प्रमाण-पत्र के माध्यम से उसी मतदान केन्द्र में मतदान कर सकेगा जहाँ उसे ड्यूटी के लिये तैनात किया गया है।यदि किसी कर्मचारी की चुनाव ड्यूटी उस चुनाव क्षेत्र में लगती है जहाँ का वह मतदाता नहीं है,तब उसे डाक मतपत्र के माध्यम से यह सुविधा प्रदान की जायेगी। मतदान दलों में शामिल सभी कर्मचारी सेक्टर ऑफिसर,जोनल ऑफिसर,रिटर्निंग ऑफिसर,असिस्टेंट रिटर्निंग आफिसर,जिला इलेक्शन ऑफिसर,डिप्टी इलेक्शन ऑफिसर,कंट्रोल रूम एवं चुनाव संबंधी कार्य में तैनात सभी कर्मचारी,सभी पुलिस कर्मी,होमगार्ड,चुनाव ड्यूटी में संलग्न सभी वाहनों के ड्रायवर,क्लीनर,हेल्पर इस सुविधा के पात्र होंगे। यदि वे चुनाव ड्यूटी के कारण उस मतदान केन्द्र में मतदान नहीं कर सकते जहाँ मतदाता सूची में उनके नाम दर्ज हैं तो उन्हें चुनाव ड्यूटी प्रमाण-पत्र अथवा डाकमत पत्र के माध्यम से यह सुविधा प्रदान की जायेगी। निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र अथवा डाकमत पत्र सुविधा का लाभ निर्वाचन कार्य में संलग्न कर्मचारी उन्हें दिये जाने वाले प्रशिक्षण के दौरान निर्धारित प्रपत्र में आवेदन भरकर उठा सकते हैं।

### वोटर की शंकाओं का समाधान है वीवीपैट मशीन

लोकसभा चुनाव 2024 में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के साथ-साथ वीवीपैट मशीन का भी उपयोग किया जायेगा। वीवीपैट मशीन के जरिये वोटर जान सकेगा कि उसने जिस उम्मीदवार के चुनाव चिन्ह का बटन दबाया है, वह उसी के खाते दर्ज हुआ है या नहीं। वोटर के मन में कोई शंका नहीं रहेगी। जैसे ही वोटर अपना वोट बटन दबाकर देगा,वीवीपैट मशीन की विंडो पर यह दिखाई पड़ेगा कि उसका मत किस चुनाव चिन्ह पर दर्ज हुआ है। वीवीपैट (वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) एक स्वतंत्र इकाई है,जो कि ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) से जुड़ी रहेगी। जैसे ही वोटर अपना वोट कास्ट करेगा वह पारदर्शी विंडो जो कि वीवीपैट मशीन में लगी है,उससे वह सात सेकंड तक देख सकेगा कि उसने किस अभ्यर्थी,किस चुनाव चिन्ह व किस क्रम में अपना मत दिया है। सात सेकंड के बाद यह स्लिप कटकर मशीन के एक सीलबंद ड्राप बॉक्स में गिर जाएगी।मतदाताओं का भरोसा बढ़ाने के लिये ईवीएम को वीवीपैट से जोड़ा गया है। इससे मतदाताओं को अपना मतदान बिल्कुल सही होने की पुष्टि करने में मदद मिलती है। ईवीएम और वीवीपैट मशीनों का निर्माण सार्वजनिक क्षेत्र के सिर्फ दो प्रतिष्ठित संस्थानों ईसीआईएल (इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड) और बीईएल (भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड) में एक स्वतंत्र तकनीकी विशेषज्ञ समिति के तकनीकी विशेषज्ञों की देखरेख और निर्वाचन आयोग के निरीक्षण में कराया जाता है,ताकि इसके साथ किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं की जा सके।

### चुनाव में अनुमति प्राप्त करने के लिये प्रत्याशी सुविधा पोर्टल का करें उपयोग

लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी द्वारा प्रचार-प्रसार के समय उपयोग किये जाने वाले वाहनों,रैली एवं जुलूस,सभा आदि की अनुमति सिंगल विंडो से प्राप्त की जा सकती है। भारत निर्वाचन आयोग ने सभी चुनावी अनुमतियों को संसाधित करने के लिए एकल खिड़की के लिए 'सुविधा पोर्टल' नामक एक एप्लिकेशन लॉन्च किया है। यह एप्लिकेशन उम्मीदवार और सीमित कार्य क्षमता वाले राजनीतिक दलों के लिए तैयार किया गया है। यह एक वेब-आधारित एप्लिकेशन है जो अनुमति आवेदन भरने का विकल्प प्रदान करता है। राजनीतिक दल या उम्मीदवार अपने मोबाइल नंबर का उपयोग करके आसानी से एक प्रोफ़ाइल बना सकते हैं। एक बार प्रोफ़ाइल बन जाने के बाद,वे ऑनलाइन मोड के माध्यम से अनुमति अनुरोध सबमिट कर सकते हैं।यदि कोई राजनीतिक दल संबंधित अधिकारियों को भौतिक अनुमति अनुरोध प्रस्तुत करता है,तो वह सिस्टम में ऑफ़लाइन प्राप्त अनुमति को भी डिजिटल कर देगा।सभी डिजिटलीकृत अनुमति एवं ऑनलाइन प्राप्त अनुमति अनुरोध को इनकोर प्रणाली के माध्यम से अनुमोदन हेतु विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी एवं नोडल अधिकारी को भेजा जाएगा। ईसीआई ने अन्य विभागों के नोडल अधिकारियों को अलग से एक नोडल ऐप प्रदान किया है जिनकी किसी भी अनुमति के अनुमोदन से पहले सहमति आवश्यक है। उम्मीदवार/राजनीतिक दल गूगल प्ले स्टोर से कैंडिडेट ऐप के माध्यम से भी अपने आवेदन की स्थिति को ट्रैक कर सकते हैं। एक बार अनुमति अनुरोध स्वीकृत हो जाने पर,उसी अनुमति प्रति को एप्लिकेशन के साथ-साथ सुविधा पोर्टल से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

# चांदीपाठी और भीना रेत खदान पर हुई कार्यवाही

## चांदीपाठी, बीरा एवं चंदौरा सहित अनेक स्थानों पर चल रही अवैध खदानें

### भारी भरकम मशीनों से अवैध उत्खनन होने से नदी का मिट रहा वजूद

### रेत माफिया को पहले ही लग चुकी थी कार्यवाही की भनक, सुरक्षित स्थानों पर भेज दी थी पोकलेन मशीनें

### रेत माफियाओं को गुप्त सूचना दिये जाने को लेकर विभागीय अमला संदेह के घेरे में

बुन्देलखण्ड क्षेत्र के पन्ना जिले से गुजरने वाली जीवनदायनी केन नदी को रेत माफियाओं ने छलनी कर दिया है।





पन्ना।

जिसके दुष्परिणाम केन नदी के किनारे स्थित ग्रामों में साफ नजर आने लगा है। बड़े पैमाने पर यहां हो रहे अवैध उत्खनन की और प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराये जाने के बाद शनिवार को राजस्व व पुलिस महकमें की टीम द्वारा चांदीपाठी एवं भीना रेत खदान पर छापामार कार्यवाही की गई। पन्ना और छतरपुर जिले की प्राकृतिक सीमा रेखा कहलाने वाली जीवनदायिनी केन नदी का वजूद संकट में है। नदी के दोनों किनारों यानी पन्ना और छतरपुर जिले की सीमा में सक्रिय खनन माफिया सत्ता के संरक्षण में खुलेआम केन की रेत लूट रहे हैं। रेत खनन करने की होड़ में माफियाओं ने 50 किलोमीटर से अधिक लंबे इलाके में दैत्याकार मशीनों से केन नदी का सीना छलनी कर दिया है। केन नदी के वजूद पर मंडराते भयावह संकट की आहट इसके कछार के आसपास स्थित गांवों में सुनाई देने लगी है। नदी की धार के लगातार सिकुड़ने से चिंतित और आक्रोशित अजयगढ़ तहसील के ग्रामीणों द्वारा अवैध रेत खनन के खिलाफ आवाज़ उठाने पर अब जाकर पन्ना जिले के जिम्मेदार अधिकारियों की नींद टूटी है। शनिवार को दोपहर में राजस्व एवं पुलिस महकमे की संयुक्त टीम द्वारा जिले की भीना एवं चांदीपाठी रेत खदान पर छापामार कार्यवाही की गई।

### प्रशासन की टीम पहुंचते ही माफिया की मशीनें और गुर्गे फरार

प्राप्त जानकारी के अनुसार संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम और एसडीओपी राजीव सिंह भदौरिया की अगुवाई में भारी पुलिस बल के साथ राजस्व विभाग की टीम ने शनिवार 30 मार्च को दोपहर में करीब 1 बजे अजयगढ़ तहसील क्षेत्र की भीना रेत खदान और चांदीपाठी रेत खदान पर छापामार करवाई की गई। लेकिन प्रशासन की इस कार्यवाही की भनक रेत माफियाओं को पहले ही लग चुकी थी। इसलिए समय रहते खनन में उपयोग होने वाली दर्जन भर से अधिक पोकलेन मशीनों, लिफ्टर को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया था। रेत माफिया के गुर्गों की फ़ौज भी धरपकड़ की कार्यवाही से बचने के लिए फरार हो चुकी थी। प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंच कर अवैध रेत खदानों का जायजा लिया। जहां केन नदी के प्रवाह को बाधित कर बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित मशीनों से अवैध रेत खनन होना पाया गया। पन्ना जिले की उत्तर प्रदेश से लगी सीमा के नजदीक स्थित भीना एवं चाँदीपाठी रेत खदान को पिछले कई माह से पूर्णतः अवैध तरीके से संचालित कर रहे माफियाओं ने नदी किनारे अपने अस्थाई कैम्प बना रखे थे। प्रशासन की टीम ने इन अस्थाई कैम्प को तुड़वा दिया। एक कैम्प (झोपड़ी) में रखे डीजल से भरे तकरीबन दर्जन भर ड्रम जब्त कर लिए। ड्रमों में अवैध रूप से भंडारित 2850 लीटर डीजल को सुरक्षा की दृष्टि से नजदीकी पुलिस चौकी में रखवाया गया। जब्त डीजल की अनुमानित कीमत 2 लाख 65 हजार रूपए बताई जा रही है।

### संयुक्त दल में खनिज महकमें को नहीं किया शामिल

खनन माफियाओं द्वारा केन नदी के पानी के अंदर से अच्छी क्वॉलिटी की रेत को मशीनों से निकालने के लिए नदी के प्रवाह को जगह-जगह बाधित कर रखा था। हैवी ट्रकों-डंपरों में रेत लोड करने के लिए बगैर किसी वैधानिक अनुमति के अस्थाई मार्ग व पुल बनवाए थे। प्रशासन की संयुक्त टीम ने छापामार कार्यवाही के दौरान अस्थाई मार्ग सहित दो अवैध पुलों को बुलडोजर चलवाकर तोड़ दिया। बता दें कि, अवैध रेत खदानों के विरुद्ध कार्यवाही में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम में खनिज विभाग का कोई भी अधिकारी-कर्मचारी शामिल नहीं था। यह महज संयोग है या फिर कोई नया प्रयोग है, इसका जवाब तो कार्यवाही हेतु निर्देश देने तथा संयुक्त दल गठित करने वाले जिले के शीर्ष अधिकारी ही दे सकते हैं। आमचर्चा की बात करें तो, रेत की लूट की अघोषित छूट देने के एवज में माफियाओं से खनिज विभाग का अमला काफी लंबे समय से सीधे तौर पर उपकृत हो रहा है। पन्ना जिले खनिज के महकमे की खनन माफियाओं से जगजाहिर मिलीभगत के मद्देनजर पूरी कार्यवाही से जानबूझकर सबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को दूर ही रखा गया।

### नदी किनारे अवैध रूप से डंप मिली 600 घनमीटर रेत जब्त

कार्यवाही में शामिल रहे नायब तहसीलदार अजयगढ़ खेमचन्द्र यादव बताया कि अवैध केन नदी से अवैध खनन कर निकाली गई करीब 600 घनमीटर रेत आसपास भंडारित पाई गई। जिसे जब्त करके ग्राम पंचायत व चंदौरा चौकी पुलिस की सुपुर्दगी में दिया गया। जब्तशुदा रेत मौके पर ही रखी है। फिलहाल जब्तशुदा रेत का सुरक्षित स्थान पर भंडारण नहीं कराया है। अवैध रेत खदानों के विरुद्ध छापामार कार्यवाही में संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम, एसडीओपी राजीव सिंह भदौरिया, थाना प्रभारी अजयगढ़ बखत सिंह, तहसीलदार सुरेन्द्र अहिरवार, नायब तहसीलदार खेमचन्द्र यादव एवं पुलिस बल सहित राजस्व विभाग के कर्मचारी शामिल थे।

## मंडल देवेन्द्रनगर की प्रबुद्वजन बैठक सम्पन्न

# अबकी बार 400 पार का लिया संकल्प



देवेन्द्रनगर।

लोकसभा चुनाव 2024 का आगाज होते ही सभी पार्टीया चुनावी रणनीति बनाने लगी उसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी मंडल देवेन्द्रनगर में प्रबुद्ववर्ग की बैठक समपन्न हुई जिसमें लोकसभा विस्तारक उपेन्द्र धाकड एवं गुनौर विधानसभा विस्तारक कृष्णकांत वैशनवी एवं सक्रिय कार्यकर्ता सुमित वाल्मीक एवं हीराजी पटेल एवं वरिष्टों कार्यकताओं के द्वारा पंडित दीनदयाल एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुर्खजी के छायाचित्र में मार्ल्पण कर बैठक की शुरुवात की गई, बैठक में प्रबृद्वजनों से चुनाव के परिपेक्ष में चर्चा की गई एवं मंडल में बूथ जीतने की रणनीति बनाई गई वही लोकसभा विस्तारक श्री धाकड द्वारा प्रत्येक बूथ में 370 वोटो से अधिक मतदान कराना एवं मतदान के दिन सबसे पहले मतदान फिर जलपान करना एवं भाजपा परिवार की अधिक से अधिक वोट पोलिग में करवा माननीय वीडी शर्मा जी को लाखों मतो से जितवाना है यही संकल्प आज लेना हैं और बूथ में बूथ टोली एवं की वोटर्स से संर्पक करना है एवं आने वाली 3 अप्रैल 2024 को माननीय शर्मा जी का नामांकन भरा जाना है जिसमें सभी बूथो से अधिक से अधिक कार्यकर्ता नामंकन में पहुँचे बैठक में मुख्य रुप से रामलखन शुक्ला पूर्व प्राचार्य, उमेश शर्मा वरिष्ट भाजपा नेता, रामखिलावन बागरी पूर्व एस डी एम, शंभू प्रसाद सोनी पूर्व नगर अध्यक्ष नगर पंचायत,अनिल सिंह बुन्देला पूर्व उपाध्यक्ष नगर पंचायत, एम एल विश्वकर्मा जिला उपाध्यक्ष, राजकुमार तिवारी सेवानिवृत्त रेजर, संतोष पांडे सेवानिवृत्त शिक्षक, माधवेन्द्र सिंह परमार पूर्व जिला उपाध्यक्ष, जयप्रकाश बिलथरिया, महराज सिंह ठाकुर पूर्व पार्षद, डॉ. प्रमोद जैन अध्यक्ष वैश्य समाज ,शैलेश अग्रवाल एडवोकेट, धीरेन्द बागरी महामंत्री, रमाकातं शुक्ला महामंत्री, धनजंय त्रिपाठी,रामलाल तोमर, कल्याण सिंह अरुण गर्ग वरिष्ट भाजपा नेता लक्ष्मीनारायण मिश्रा, जीतेन्द्र दहायत सहित वरिष्ट एवं कनिष्ट कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम का सफल संचालन शैलेश अग्रवाल (शैलू)द्वारा किया गया एवं आभार सक्रिय कार्यकर्ता सुमित वालमीक द्वारा किया गया।



# सहकारिता निरीक्षक राजीव तिवारी के सेवानिवृत्त होने सम्मान समारोह का आयोजन

पन्ना।

सहकारिता विभाग में पदेन सहकारिता निरीक्षक के पद पर दीर्घकालिक समय तक अपनी सेवाएं प्रदान कर राजीव तिवारी 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो गये।इस अवसर पर शहर के ऐवरशाईन-गार्डन में सम्मान समारोह का आयोजित किया गया। जहां कार्यक्रम की शुरूवात विधिवत ढोल-नगाडे के धुन के साथ श्री तिवारी सपत्नीक पूरे परिजनों के संग कार्यक्रम स्थल पहुंचे जहां कार्यक्रम में उपस्थित समस्त विभागीय स्टॉफ, ईष्ट-मित्र, संवंधीजन, सामाजिक गणमान्य वरिष्ठ जनों द्वारा करतल ध्वनि के साथ श्रीफल-शॉल आदि अंग वस्त्र भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुरारीलाल थापक, प्रमोद पाठक, एस.कुमार चनपुरिया, आर.डी. शुक्ला, श्रीमती कल्पना चनपुरिया, मिथलेश दीक्षित, पूर्व सैनिक/समाजसेवी मंगल सिंह राजावत, मीना तिवारी, रश्मि पाठक, करूणा गर्ग, उमेश श्रीवास्तव, राजेश नायक, रविन्द्र जैन, भगवत मिश्रा, संदीप चौरहा, कृष्णा मिश्रा, रावेन्द्र द्विवेदी, विद्यानंद जी सहित सैकड़ों की संख्या में परिजन व संवंधीजन उपस्थित रहे। अंत में आभार प्रदर्शन पुत्रगण द्वय रोहित तिवारी एवं डॉ. शोभित तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षाविद विनोद अवस्थी द्वारा किया गया।

## एग्जिट पोल तथा इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार पर 19 अप्रैल से एक जून तक पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा

पन्ना।

लोकसभा निर्वाचन 2024 की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। आदर्श आचार संहिता के दौरान 19 अप्रैल की सुबह 7 बजे से एक जून की शाम 6.30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 28 मार्च 2024 को इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के प्रदर्शन पर भी पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। उल्लेखनीय है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126-क में यह प्रावधानित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति, कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान, जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की जाए, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार भी नहीं करेगा।

यदि कोई व्यक्ति इस प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो वह ऐसी अवधि के कारावास से, जो दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से, दण्डनीय होगा।

## अधिक फसल उत्पादन के संबंध में सलाह

**पन्ना।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा कृषकों के लिए अधिक फसल उत्पादन के संबंध में सलाह जारी की गई है। उप संचालक ए.पी. सुमन ने बताया कि कृषक रबी फसल की कटाई के बाद खेत को मिट्टी पलटने वाले हल से गर्मियों में गहरी जुताई अवश्य कराएं। मिट्टी पलटने से जमीन में छिपे हानिकारक कीट उनके अंडे तथा खरपतवारों के बीज इत्यादि गर्मी के कारण मर जाते हैं तथा फसल के शेष बचे अवशेष भी भूमि में दबकर उर्वरा शक्ति को बढ़ाते हैं। ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई से भूमि में वर्षा जल धारण क्षमता भी बढ़ती है। इसी तरह कृषकों से गेहूं फसल की कटाई के बाद शेष बची हुई नरवाई (डंठल) को नहीं जलाने की अपील भी की गई है। नरवाई जलाने से खेत में कृषि के लिए लाभदायक जीवाणु जलकर नष्ट हो जाते हैं, जिससे खेत की उर्वरा शक्ति भी समाप्त होती है। इसके स्थान पर नरवाई को खेत में मिट्टी पलटने वाले हल से गहरी जुताई कर खेत में मिलाना चाहिए। इससे भूमि में जैविक खाद की वृद्धि के साथ उर्वरा शक्ति भी बढ़ेगी और अगली फसल का उत्पादन भी अच्छा प्राप्त होगा।

## यादव समाज की महिलाओं ने छीर सागर शनि मंदिर प्रांगण में मनाया होली मिलन समारोह

# फूलों और गुलाल के साथ जमकर हुआ फाग और नृत्य



पन्ना।

अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा महिला इकाई के तत्वधान में एवं संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष महिला इकाई श्रीमती जानकी यादव के नेतृत्व में पन्ना नगर के बेनी सागर छीर सागर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। 31 मार्च 2024 को शाम लगभग 5 बजे से प्रारंभ होकर लगभग 7 बजे तक फूलों की पंखुड़ियों, गुलाल, रंगों, संगीत नृत्य और फाग के साथ जमकर होली खेली गई। कार्यक्रम में श्रीमती जानकी यादव प्रदेश अध्यक्ष महिला कार्यकारणी अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा, श्रीमती कल्पना यादव युवा महिला मोर्चा अध्यक्ष पन्ना, पूजा यादव कार्यकारणी अध्यक्ष, पूनम यादव महामंत्री, चंपा यादव उपाध्यक्ष, सहित जया यादव, गीता यादव, आस्था यादव, काव्या यादव, कुसुम यादव, सीमा यादव, नीता यादव, छाया यादव, चंदा यादव, चंद्रप्रभा यादव, शिल्पी यादव, पुष्पा यादव, बेबी यादव, कविता यादव, प्रीति यादव, सुनीता यादव, संगीता यादव सहित लगभग सैकड़ा भर से अधिक महिलाएं शामिल रही। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती जानकी यादव के द्वारा महिलाओं को संबोधित करते हुए बताया कि आने वाली पीढ़ी को संस्कारित करने एकता और भाईचारा बढ़ाने के लिए धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन अति आवश्यक है। इसी प्रकार कल्पना यादव और आस्था यादव के द्वारा भी महिलाओं को सफलता, एकता और भाईचारा का संदेश देते हुए जागरूक किया गया।

# स्वच्छता सर्वोपरि है, इसी से जिले और शहर की छवि बनती है: कलेक्टर

**दमोह।** शहर को स्वच्छ और सुंदर रखने के उद्देश्य से कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने शहर के लगभग 20 स्थानों का चयन किया है, इन स्थानों पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने अमल करना प्रारंभ भी कर दिया है, आज शहर के चिन्हित स्थानों पर सफाई देखी गई। इस संबंध में कलेक्टर श्री कोचर कहा है स्वच्छता हमारे लिए सर्वोपरि है, इसी से जिले और शहर की छवि बनती है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका के सहयोग से हमने चिन्हांकन करने का काम प्रारंभ किया है, जिसमें 28 मार्च से 20 स्थान चिन्हित किये गये है, शहर के जहां पर बड़े पैमाने पर कचरा इकट्ठा होता है, इन 20 स्थान के संबंध में हमने यह निर्धारित किया है कि इनकी सफाई किसी भी स्थिति में रोज प्रातः 8 बजे तक हो जानी चाहिए और पिछले तीन दिनों से लगातार सीएमओ के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम इन चिन्हित स्थानों पर नियमित रूप से सफाई कर रही है और उसकी जिओ टेग फोटो के साथ रिपोर्ट मुझे रोज प्रातः काल प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा शहर में जो विशेष स्थान चयनित किए हैं, यदि शहर का कोई अन्य सार्वजनिक स्थान ऐसा दिखता है जो हमसे चयन करने से छूट गया है और वहां पर बड़े पैमाने पर कचरा इकट्ठा होता है, तो शहर के आमजन हमें जरूर टेग करके बतायें जिससे उस स्थान पर भी सफाई सुनिश्चित हो इसका पूरा प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा 20 स्थानों पर जो कचरा इकट्ठा हो रहा है, यह कचरे के लिए निर्धारित स्थान नहीं है, इन स्थानों पर केवल लंबे समय से कूड़ा ऐसे ही डाला जा रहा है। उन्होंने कहा आसपास के रहवासी, दुकानदार है सभी से आग्रह किया है डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए नगर पालिका की गाड़ियां आती है, तो सार्वजनिक स्थानों पर कचरा ना डालकर उस डोर टू डोर वाहन में कचरा डालना सुनिश्चित किया जाये, ताकि शहर की स्वच्छता और सुंदरता बनी रहे। यह अभियान लगातार चलता रहेगा और यह केवल एक-दो दिन का कार्यक्रम नहीं है, यह हम लगातार सुनिश्चित करेंगे शहर में कहीं पर भी गंदगी के ढेर नजर ना आए। आज जिन स्थानों की सफाई की गई है उनमें बी.एस.एन.एल. कार्यालय के पास, कोतवाली चौराहे के पास, टंकी (हौदी) में, मानस भवन के पास, मांगज स्कूल के पास, एवरेस्ट लॉज के पास, केप्टन लॉज के पास, इन्द्रपैलेस के सामने, खण्डूजा काम्प्लेक्स (स्टेशन चौराहा), अग्रवाल स्कूल के पास, नीलकमल गार्डन के पास, चरहाई वाइन शॉप के पास, पलंदी चौराहा ओवरब्रिज के पास, नया बाजार नं. 4, धगट चौराहे वाली रोड के पास, मिशन स्कूल के पास धर्मकांटा, चौपाटी के सामने (हरिजन थाने के बाजू), हॉकर्स जोन के पास, रोनी बाबा के घर के पास, पुराना थाना के पास, बड़े पुल के पास एवं

## सड़क किनारे लगी पत्थर की खकरी से टकराया बाईक सवार

**तेंदूखेड़ा।** तारादेही थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले झलौन तारादेही मार्ग पर ग्राम बिलतरा एवं गोपालपुर के बीच दो मंदिरों के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार अनियंत्रित होकर पत्थर की खकरी से टकराकर दूर खेतों में जा गिरा जहां पर वह रातभर घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। बताया जा रहा है कि रात्रि में ही मोटर साईकिल का एक्सीडेंट हुआ था। रात भर युवक खेतो में ही पड़ा रहा। जिसकी सूचना सुबह 9 बजे राहगीरों के द्वारा तारादेही पुलिस और 108 वाहन को दी गई।

## खबर संक्षेप

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने कन्ट्रोल रूम का किया निरीक्षण



**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने शनिवार को कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 114 में स्थापित लोकसभा निर्वाचन कन्ट्रोल रूम एवं कॉल सेंटर का निरीक्षण किया और यहां कार्यरत कर्मचारियों से वांछित जानकारी प्राप्त कर दायित्व निर्वहन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न माध्यमों से कन्ट्रोल रूम, कॉल सेन्टर व सी-विजिल एप में प्राप्त शिकायतों और निराकरण की स्थिति एवं प्रक्रिया की जानकारी भी ली। संधारित पंजियों का अवलोकन भी किया। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र, एसडीएम संजय नागवंशी, तहसीलदार अखिलेश प्रजापति भी उपस्थित रहे।

### डॉ. अरूण जैन द्वारा सिंघवाहिनी मंदिर को दान किया वाटर कूलर



**पन्ना।** नगर के प्रतिष्ठित डॉ. अरूण जैन, एडवोकेट मंजूलता जैन के द्वारा सिंघवाहिनी मंदिर अजयगढ़ चौराहा को आज वाटरकूलर प्रदान किया गया। इस भीषण गर्मी में आने-जाने वाले राहगीरों को ठण्डा पेयजल की व्यवस्था के मंदेनजर चौराहे में राहगीरों की भीषण गर्मी में गल तर करने का पुण्य कार्य किया है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा उर्फ डब्बू, मनोज केशरवानी, दिलीप शिवहरे सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण 15 अप्रैल से

**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व में बाघ पुनर्स्थापना योजना अंतर्गत बाघों की सुरक्षा की दृष्टि से पार्क परिधि से लगे हुए ग्रामों के कुत्तों में बीमारियों की रोकथाम के लिए टीकाकरण किया जाना है। प्रथम चरण में कैनाइन डिस्टैम्पर एवं अन्य सात बीमारियों की रोकथाम के लिए आगामी 15 अप्रैल से टीकाकरण किया जाएगा। 15 अप्रैल को ग्राम अकोला, 16 अप्रैल को अमझिरिया, 18 अप्रैल को बांधी, 19 अप्रैल को बराछ, 20 अप्रैल को झलाई, 21 अप्रैल को जरधोबा, 22 अप्रैल को इटवां, 23 एवं 24 अप्रैल को जनवार, 25 अप्रैल को रमपुरा, 26 अप्रैल को तारा, 27 अप्रैल को विक्रमपुर, 29 अप्रैल को डोभा, 30 अप्रैल को धनगढ़, 1 मई को मनकी, 2 मई को कूड़न, 3 मई को कटारी, 4 मई को बिलहटा, 6 मई गहदरा, 7 मई को कोनी और 8 मई को मझौली में टीकाकरण किया जाएगा। निर्धारित तिथि पर बूस्टर टीकाकरण भी होगा।

### पोस्टल बैलेट एवं ईडीसी के लिए एआरओ अधिकृत

**पन्ना।** कलेक्टर एवं खजुराहो संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी सुरेश कुमार ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जारी निर्देशानुसार खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के सभी आठ विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को अपनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पोस्टल बैलेट और निर्वाचन कर्त्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) जारी करने के लिए अधिकृत किया है। विधानसभा क्षेत्र चंदला, राजनगर, पवई, गुनौर, पन्ना, विजयराघवगढ़, मुड़वारा और बहोरीबंद के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश एवं प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही संपादित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

### सी विजिल पर दर्ज की जा सकती है शिकायत

**दमोह।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु 54-पथरिया, 55-दमोह, 56-जबेरा एवं 57-हटा विधानसभा क्षेत्र के सफल संचालन हेतु शिकायत/अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष एवं कॉल सेन्टर कलेक्टर कार्यालय के भू-तल स्थित कंट्रोल रूम (मतदाता सहायता केन्द्र सामान्य निर्वाचन) में स्थापित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### खेत में लगी आग की चपेट में आकर झुलसी मां-बेटी



**छतरपुर।** गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम निवारी में रविवार को खेत में लगी आग की चपेट में आकर मां-बेटी झुलस गई। बताया गया है कि मां के पैर में लगी चोट के कारण वह भाग नहीं पा रही थी ओर झुलसने लगी थी, मां को झुलसता देख उसकी बेटी बचाने पहुंची और आग की लपटों से दोनों झुलस गईं। घटना के बाद दोनों महिलाओं को जिला अस्पताल लाया गया, जहां बर्न वार्ड में उनका इलाज किया जा रहा है।निवासी बब्बू अहिरवार ने बताया कि रविवार की दोपहर खेत के ऊपर से निकली हाईवोल्टेज विद्युत लाइन में शॉर्ट-सर्किट हुआ और उससे निकाली चिंगारी से खेत में आग लग गई। बब्बू आग को बुझाने में जुटा हुआ था। वहीं खेत के किनारे उसकी 48 वर्षीय पत्नी शांति अहिरवार बैठी हुई थी, जिसके पैर में चोट लगी होने के कारण वह भाग नहीं पा रही थी। जैसे ही शांति आग में झुलसने लगी तो उसकी बेटी सोमवती अहिरवार उम्र 30 वर्ष मां को बचाने के लिए पहुंच गई। चूंकि खेत के चारों ओर तार-बारी लगी हुई थी जिस कारण से दोनों भागने में असफल रहीं और आग की चपेट में आकर झुलस गईं। बब्बू अहिरवार ने बताया कि उसकी बेटी सोमवती का विवाह गनेशपुरा निवासी मंत्री अहिरवार के साथ हुआ है। सोमवती अपनी बीमार मां को देखने के लिए मायके आई थी, जहां उसके साथ यह हादसा हो गया। मां-बेटी के झुलसने के साथ ही बब्बू अहिरवार के खेत में लगी फसल भी जलकर खाक हो गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 15 हजार रुपए है। बाद में मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड से आग पर काबू पाया गया और डायल-100 की मदद से शांति तथा उसकी बेटी सोमवती को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां वर्न वार्ड में उनका इलाज किया जा रहा है।

### मौसम में अचानक हुए बदलाव से बीमार हो रहे बच्चे



**छतरपुर।** गर्मी का मौसम शुरु हो गया है और शुरुआती दौर में ही गर्मी ने अपना कहर दिखाना शुरू कर दिया है। पिछले लगभग 15 दिनों के भीतर मौसम में तेजी से बदलाव हुआ है, जिस कारण से छोटी आयु वाले बच्चे तेजी से बीमार हो रहे हैं। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, वैसे बीमार बच्चों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। रविवार को जिला अस्पताल के 50 बेड की क्षमता वाले वार्ड में करीब 120 बच्चे भर्ती पाए गए। अस्पताल में भर्ती ज्यादातर बच्चों की उम्र 4 वर्ष के आसपास है और उन्हें सर्दी-जुकाम और उल्टी-दस्त की शिकायत है।

जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. रोशन द्विवेदी ने बताया कि जब भी मौसम में अचानक बदलाव होता है तब छोटी उम्र के बच्चे मौसमी बीमारी का शिकार हो जाते हैं। पिछले कुछ दिनों में तापमान में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है, जिस कारण से बच्चे बीमार हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले का अधिकतम तापमान 41 डिग्री के आसपास तक पहुंचने लगा है और लोग गर्मी से हलाकान हैं। मौसम में हुए इस बदलाव का सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर इसलिए दिखाई दे रहा है क्योंकि बच्चे बदलते मौसम में अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रखते। डॉ. द्विवेदी ने कहा कि ऐसी परिस्थिति में बच्चों के अभिभावकों को उनका ध्यान रखना चाहिए। माता-पिता अपने बच्चों को धूप में न निकलने दें और यदि निकलते भी हैं तो शरीर को पूरा ढकने के बाद ही निकलने दें। इसके अलावा खान-पान का विशेष ध्यान रखें, बाहर के खाद्य पदार्थ खाने से परहेज करें और अधिकाधिक मात्रा में पानी का सेवन बच्चों को कराएं। इसके बाद भी अगर बच्चा बीमार होता है तो नजदीकी चिकित्सक से सलाह लेकर उपचार कराएं।

## छतरपुर पुलिस अधीक्षक की अनूठी कार्यवाही

### बाहर की पुलिस को भेजकर

# अंतरराज्यीय जुए को पकड़ा

**लवकुशनगर।**

जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा जिले में संचालित हो रहीं तमाम अनैतिक गतिविधियों की निगरानी करते हुए उन पर कार्यवाही करवाई जा रही है। इसी क्रम में बीती रात पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में लवकुशनगर थाना क्षेत्र में संचालित अंतरराज्यीय जुए के फड़ पर पुलिस टीम ने छापामार कार्यवाही करते हुए डेढ़ दर्जन से अधिक जुआरियों को लाखों की रकम के साथ पकडऩे में सफलता हासिल की है। गौरतलब है कि यह कार्यवाही लवकुशनगर थाना पुलिस की जानकारी के बगैर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले के अन्य थानों की पुलिस टीम द्वारा की गई है, जिसका कारण लवकुशनगर पुलिस द्वारा जुआरियों को दिया जा रहा संरक्षण बताया जा गया है।

दरअसल पिछले कई दिनों से लवकुशनगर थाना क्षेत्र में जुए का फड़ संचालित होने की खबरें सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस अधीक्षक अगम जैन तक पहुंच रहीं थीं। इन खबरों में लवकुशनगर पुलिस पर यह आरोप लगाया जा रहा था कि जुए का फड़ पुलिस के संरक्षण में संचालित हो रहा है और जब भी लवकुशनगर थाना की पुलिस टीम कार्यवाही करने जाती है तो कुछ पुलिसकर्मी पहले से ही जुआरियों को सूचित कर देते थे, जिस कारण से जुआरी भाग जाते हैं। इन्हीं आरोपों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक ने खजुराहो एसडीओपी डॉ. सलिल शर्मा और लवकुशनगर एसडीओपी नवीन दुबे के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया जिसमें बमीठा, राजनगर और महाराजपुर थाना का पुलिस बल शामिल था। उक्त टीम को कार्यवाही के निर्देश दिए गए, जिसके बाद टीम ने लवकुशनगर थाना की पुलिस को जानकारी दिए बगैर थाना क्षेत्र के ग्राम गुढ़ा खुर्द में दबिश दी। फड़ से पुलिस ने 4 लाख 28 हजार 700 रुपए की नगदी के साथ 20 जुआरियों को गिरफ्तार किया, साथ ही डेढ़ दर्जन से अधिक मोबाइल और 5 नग दोपहिया वाहन भी जप्त किए। बताया गया है कि पकड़े गए जुआरियों में पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश के भी कुछ लोग शामिल हैं। सभी के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किए जाने के साथ-साथ 17 आरोपियों पर पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। दो जुआरियों के पास अवैध हथियार पाए जाने पर उन्हें जेल भेजा गया है। कार्यवाही करने वाली टीम में थाना प्रभारी महाराजपुर निरीक्षक सुरभि शर्मा, थाना प्रभारी बमीठा निरीक्षक पुष्पक शर्मा, थाना प्रभारी राजनगर उपनिरीक्षक सिद्धार्थ शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



#### पुलिस के हाथ लगे यह 20 जुआरी

जो 20 जुआरी पुलिस के हाथ लगे हैं उनमें कल्लू खान उम्र 22 साल, राजू कुशवाहा उम्र 45 साल, कदीर खान उम्र 42 साल सभी निवासी ग्राम गुढ़ा खुर्द, आशिक मोहम्मद उम्र 39 वर्ष, दीपू यादव उम्र 28 साल, हरिओम नायक, रामआसरे पाठक, रफीक खान उम्र 44 साल, इकबाल खान उम्र 47 साल, कल्लू यादव उम्र 34 साल, जितेंद्र अहिरवार उम्र 23 साल, फिरोज खान सभी निवासी लवकुशनगर, हेमंत पटेल उम्र 43 साल निवासी देरी रोड छतरपुर, हरिराम पटेल उम्र 38 साल निवासी डुमरा थाना महाराजपुर, राममूर्ति पाठक उम्र 44 साल निवासी परसनियां जिला छतरपुर के अलावा उत्तरप्रदेश राज्य के मोहरी जिला महोबा निवासी वीरेंद्र कुमार, श्रीनगर जिला महोबा निवासी जगदीश अहिरवार उम्र 36 साल, महोबा ऊदल चौक निवासी दीपक साहू उम्र 39 साल, भटीपुरा महोबा निवासी पुष्पेंद्र सिंह उम्र 30 साल और छोटी बाजार बांदा निवासी अनुग्रह सिंह उम्र 45 साल शामिल हैं। उक्त आरोपियों में से आशिक खान के पास पुलिस को 315 बोर का अवैध देसी तमंचा, एक कारतूस और जितेंद्र अहिरवार के पास से छुरा मिला है, जिसके लिए उन पर जुआ एक्ट के साथ-साथ आयुध अधिनियम के तहत अलग से भी कार्यवाही की गई है।

## चलती कार में लगी आग, बाल-बाल बचे लोग

**छतरपुर।** जैसे-जैसे गर्मी का पारा बढ़ रहा है, वैसे-वैसे आगजनी की घटनाओं में भी बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। रविवार को खजुराहो थाना क्षेत्र में राजनगर मार्ग पर एक चलती कार में अचानक आग लग गई। गनीमत रही कि समय रहते चालक और सवारी कार से बाहर कूद गए अन्यथा जनहानि भी हो सकती थी। बाद में नगर परिषद की फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई, हालांकि तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। चालक का अनुमान है कि कार की गैस किट में रिसाव के चलते कार में आग लगी है।



### शॉर्ट-सर्किट की चिंगारी ने खाक कर दी फसल

जिले के ग्राम छठी बम्हौरी के मजरा चमारन पुरवा हार में रविवार की दोपहर 11 हजार केवी की हाईवोल्टेज लाइन से निकली एक चिंगारी ने किसान के खेत की फसल को खाक कर दिया। बताया गया है कि लाइन में शॉर्ट-सर्किट से चिंगारी निकली थी जो कि पकी फसल के ऊपर गिरी और फसल ने आग पकड़ ली। आगजनी की सूचना तत्काल ही प्रशासन को दी गई लेकिन जब तक दमकल मशीनें मौके पर पहुंची तब तक किसान की पूरी फसल नष्ट हो चुकी थी। घटना के बाद किसान का रो-रोकर बुरा हाल है।

## नशा करने के बाद युवक ने लगा ली फांसी

**छतरपुर।** बड़ामलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम दरगुवां में शनिवार की रात को एक 25 वर्षीय युवक ने पहले गांजे का नशा किया और इसके बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक भगवानदास अहिरवार के चाचा गज्जू लाल ने बताया कि भगवानदास शराब और गांजे का नशा करता था। बीती रात वह नशे की हालत में घर आया था और इसके बाद घर के अंदर जाकर उसने फांसी लगा ली। काफी समय बाद जब परिजनों को इस बात की जानकारी लगी तब उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में शव को फंदे से नीचे उतारा गया और पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए बड़ामलहरा भेजा गया।



## आपस में टकराई दो मोटर साईकिल, दो युवक घायल हालत, ग्वालियर रेफर

**छतरपुर।** बमीठा थाना क्षेत्र में पन्ना रोड पर पेट्रोल पंप के पास शनिवार की देर शाम दो बाइकें आपस में टकराने से दो युवक घायल हो गए थे, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक की हालत गंभीर होने के कारण ड्यूटी डॉक्टर ने उसे ग्वालियर रेफर कर दिया है। दूसरी बाइक का चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग गया था। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक पथरगुवां निवासी लोकेंद्र सिंह पुत्र जय प्रकाश सिंह यादव उम्र 19 वर्ष अपने साथी राजाराम पुत्र सिबुआ कुशवाहा उम्र 18 वर्ष के साथ बमीठा से अपने गांव की ओर जा रहा था, तभी पन्ना रोड पर पेट्रोल पंप के पास सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक दूसरी बाइक ने उसकी बाईक को टक्कर मार दी। घटना के बाद शाम करीब साढ़े 7 बजे दोनों को बमीठा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। दोनों युवकों के हाथ, पैर और सिर में चोटें आई हैं। राजाराम के सिर में गंभीर चोट होने के कारण उसे ग्वालियर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।



## भारतीय ज्ञान परंपरा पर राष्ट्रीय सेमीनार आज से

### समाजशास्त्र विभाग की मेजबानी में हो रहा दो दिनी आयोजन

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर में कुलपति प्रो. शुभा तिवारी के मार्गदर्शन में 'भारतीय ज्ञान परंपराः शिक्षा, ज्ञान ,विज्ञान और जीवन विज्ञान विषय पर दो दिवसीय नेशनल सेमीनार का शुभारंभ आज एक अप्रेल को होगा। यूटीडी के समाजशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित इस नेशनल सेमीनार का समापन 2 अप्रेल को समारोहपूर्वक होगा। यूनिवर्सिटी के जेसी बोस हाल में सेमीनार के पहले दिन 1 अप्रैल को सुबह 10 बजे से उद्घाटन सत्र प्रो.अविनाश तिवारी, कुलपति जीवाजी यूनिवर्सिटी, ग्वालियर के मुख्य आतिथ्य में प्रारंभ होगा।सेमीनार के इस सत्र में मुख्य वक्ता प्रो एडी शर्मा डॉ हरिसिंह गौर विश्ववद्यालय सागर रहेंगे। इस सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. शुभा तिवारी करेंगी। प्रथम तकनीकि सत्र की अध्यक्षता प्रो एडी शर्मा, डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर करेंगे। इस सत्र में वैश्विक ज्ञान परंपराओं में साहित्यिक और कलात्मक अभिव्यक्ति तुलनात्मक अध्ययन विषय पर वक्ताद्वय प्रो ओमप्रकाश सिंह जेएनयू, दिल्ली तथा प्रो बी आई गुरू, डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर अपने विचार व्यक्त करेंगे। द्वितीय तकनीकि सत्र की अध्यक्षता प्रो बीआई गुरू डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर करेंगे। इस सत्र में 'वैदिक परम्परा और शिक्षा विषय पर वक्ताद्वय प्रो संतोष कुमार शुक्ला जेएनयू दिल्ली तथा डॉ किरण आर्या डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के व्याख्यान के साथ साथ अन्य विद्वान अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन 2 अप्रेल को तृतीय तकनीकी सत्र में 'प्राचीन भारत में वैज्ञानिक प्रगति विषय पर वक्ताद्वय प्रो एसएन चौधरी बरकतुल्ला विश्वविद्यालय भोपाल तथा प्रो माया इंगल डीएवीवी इंदौर के विचार सुनने मिलेंगे।चतुर्थ तकनीकि सत्र में 'जनजातीय ज्ञान और उसका अनुप्रयोग विषय पर वक्तात्रय प्रो रंजू हसीनी साहू, आईजीएनटीयू अमरकंटक, प्रो मनीष मिश्रा सेम ग्लोबल यूनिवर्सिटी, रायसेन तथा डॉ मनोहर बी यर्कलवार आईजीएनटीयू अमरकंटक अपने विचार व्यक्त करेंगे। इस सत्र की अध्यक्षता प्रो एसएन चौधरी बरकतुल्ला विश्वविद्यालय करेंगे।

कुलपति प्रो शुभा तिवारी की अध्यक्षता में समापन सत्र का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि प्रो राजाराम यादव पूर्व कुलपति वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय रहेगें। आयोजन प्रभारी डा ममता बाजपेई, (विभागाध्यक्ष ,समाजशास्त्र विभाग) ने सभी शैक्षणिक सदस्यों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों से इस ज्ञानपूर्ण आयोजन का लाभ लेने का आव्हान किया है।

## हम सुविधा विहीन दुखी दरिद्र हैं या सुविधा संपन्न दुखी दरिद्रः लखन लाल असाटी



**छतरपुर।** राज्य आनंद संस्थान द्वारा नौगांव रोड स्थित पंचवटी योग आश्रम में रविवार को एक दिवसीय अल्पविराम कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों से संवाद करते हुए आनंद विभाग के जिला संपर्क व्यक्ति लखनलाल असाटी ने प्रश्न किया कि अभी हमारी स्थिति क्या है हम सुविधा विहीन दुखी दरिद्र है अथवा सुविधा संपन्न दुखी दरिद्र, आनंद विभाग की ओर से मास्टर ट्रेनर श्रीमती आशा असाटी रामकृपाल यादव के साथ 50 से अधिक प्रतिभागियों ने अल्पविराम कार्यक्रम में सहभागिता की। इस दौरान कुछ प्रेरणादायक खेल और फिजिकल एक्टिविटी भी संपन्न की गई।

आनंद की ओर सत्र के दौरान श्रीमती आशा असाटी ने प्रतिभागियों से जानना चाहा कि आनंद क्या है और यह कैसे घटता बढ़ता है। इस पर प्रतिभागियों ने अपने निजी अनुभव साझा किया जिनका निष्कर्ष यह था कि आनंद का स्त्रोत मानव मानव के परस्पर व्यवहार से जुड़ा हुआ है परंतु जीने का अभ्यास कुछ इस तरह से हो गया है कि संबंधों के निर्वाह को समय न देकर सुविधा जुटाने को अधिक समय दे रहे हैं, लखन लाल असाटी ने मैं और शरीर की रियलिटी को अनुभव करते हुए कहा कि शरीर की आवश्यकता सीमित और मात्रात्मक है जिनमें कुछ भौतिक रासायनिक वस्तुओं की आवश्यकता होती है, परंतु मैं की आवश्यकता सतत और गुणात्मक है और इसमें केवल भावों की जरूरत है जैसे सम्मान प्रेम विश्वास, आवश्यकता की ठीक-ठाक पहचान ना हो पाने के कारण हमारा जीना कुछ इस तरह हो गया है कि हम सुविधा संपन्न होने के बावजूद दुखी दरिद्र बने रहते हैं परिणामतः लगातार सुविधाएं जुटाने के लिए प्रयास कर रहे हैं और इस प्रयास में खुद परिवार, समाज और प्रकृति का भी शोषण करने में लगे हैं, एक बार आवश्यकता की पहचान ठीक-ठाक हो जाती है तब हम अपनी आवश्यकता पूरी कर समृद्धि के भाव में आते हैं तब फिर आगे का प्रयास परस्पर पूरकता के साथ संबंधों का निर्वाह करते हुए उभय सुख के लिए होता है। अल्पविराम के दौरान प्रतिभागियों ने जानने का प्रयास किया कि उनकी कल्पनाशीलता क्या है और उसको चलाने का स्त्रोत क्या है अपनी खुद की कल्पनाशीलता को ठीक से चला कर वह कैसे ठीक निर्णय ले पाते हैं मान्यताओं धारणाओं और संवेदनाओं से परे खुद में पहले से ही विद्यमान सहज स्वीकृति को देखने का अभ्यास करना बहुत महत्वपूर्ण है और यह हमारे जीवन में निर्णय लेने की प्रक्रिया को निरापद बनता है जिससे आनंद का सृजन होता है।

## गर्मी की दस्तक से बढ़ी देशी फ्रिज की मांग

**छतरपुर।** गर्मी का मौसम शुरू होते ही देशी फ्रिज के नाम से मशहूर मिट्टी के मटकों की मांग बढ़ गई है। शहर में जगह-जगह मिट्टी के बर्तनों की दुकानें सज गई हैं। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है शहर की सड़कों पर मटकों की दुकानों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिन पर अलग-अलग वैरायटी के मटके हैं और मटकों की कीमत 100 से 200 रुपए तक है।

शहर के आकाशवाणी तिराहा से छत्रसाल चौक तक मटकों की दर्जनों दुकानें लगी हुई हैं। रविवार को यहां साप्ताहिक हाटा-बाजार के चलते मटकों की खासी बिक्री हुई।मटका विक्रेता अनंतराम प्रजापति ने बताया कि वे हर वर्ष छतरपुर में मटके की दुकान लगाते हैं, होली के बाद से मटकों का विक्रय शुरु हो जाता है। अनंराम बताते हैं कि मटकों को बनाने का कार्य उनके द्वारा दीपावली के बाद से शुरु किया जाता है। करीब 4 महीने की कड़ी मेहनत के बाद मटके तैयार होते हैं और मार्च के अंतिम सप्ताह से मटकों की बिक्री शुरु हो जाती है। अनंतराम बताते हैं कि प्राचीन समय से भारतवर्ष में मटकों में जल भरकर, इससे प्यास बुझाने की परंपरा रही है लेकिन अब आधुनिक दौर में लोग फ्रिज सहित कई अन्य उपकरणों का इस्तेमाल करने लगे हैं, जिससे मटकों की बिक्री पर असर हुआ है। हालांकि ग्रामीण अंचलों के साथ-साथ शहरी इलाकों के जागरुक लोग आज भी देशी फ्रिज यानि की मटके के पानी का ही इस्तेमाल करते हैं।



#### स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है घड़े का पानी

चिकित्सकों का भी यह मत है कि घड़े का पानी हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। आज भले ही लोग वैज्ञानिक उपकरण जैसे फ्रिज, वाटरकूलर आदि का इस्तेमाल करने लगे हों लेकिन इनकी तुलना में मटके का पानी स्वास्थ्य के लिए अधिक लाभकारी है। दरअसल मटके में पानी भरकर उसे ठंडा किए जाने के दौरान मिट्टी में मौजूद कैल्शियम, मैग्नीशियम और आयरन जैसे सूक्ष्म खनिज, पानी को स्वास्थ्यवर्धक बनाते हैं। ऐसे खनिज युक्त पानी का नियमित सेवन करने से हमारा स्वास्थ्य और शरीर का खनिज संतुलन बेहतर होता है।

**खबर संक्षेप**

### प्रचार रथ से मतदाताओं को किया जा रहा है जागरूक



**रीवा।** लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार रथ मतदाता जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 21 मार्च से प्रचार रथ भ्रमण कर रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र के एसडीएम द्वारा निर्धारित रूटचार्ट के अनुसार प्रचार रथ 20 अप्रैल तक भ्रमण करेंगे। इनके द्वारा मतदान केन्द्रों तथा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में ऑडियो विजुअल माध्यम से आमजनता को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में हनुमना विकासखण्ड के शाहपुर में प्रचार रथ के माध्यम से लोगों को मतदान में भाग लेने के लिये जागरूक किया गया।

### नोडल अधिकारियों की बैठक 3 अप्रैल को

**रीवा ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु निर्वाचन संबंधी कार्यों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। नोडल अधिकारियों की बैठक 3 अप्रैल को कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में अपरान्ह 3 बजे से आयोजित की गयी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने नोडल अधिकारियों से सौंपे गये निर्वाचन कार्यों की प्रगति के साथ बैठक में उपस्थिति की अपेक्षा की है।

### धमकी देने वाले के विरुद्ध गोविंदगढ़ पुलिस ने दर्ज किया अपराध

**गोविंदगढ़ ।** ग्राम सुपिया निवासी सुभाष चतुर्वेदी पिता बलभद्र चतुर्वेदी 34 वर्ष के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी गोविंदगढ़ शिवा अग्रवाल ने बताया कि एक 20 वर्षीय युवती की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध धारा 294, 506 एवं 509 का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि युवती का आरोप है कि आरोपी सुभाष चतुर्वेदी उसे बदनीयती की नियत से देखा करता है। रास्ते में टकरा जाने पर उससे रेप किये जाने एंव पिता को जान से मारने की धमकी दिया करता था। युवती उसके इस कृत्य से भयभीत रहती थी, दूरभाष पर उसने आरोपी के विरुद्ध शिकायत की। युवती को पुलिस की मदद दिये जाने का आश्वासन दिया गया। तब जाकर युवती गोविंदगढ़ थाना पहुंची और आरोपी सुभाष चतुर्वेदी द्वारा किये जा रहे कृत्यो की जानकारी दी। यहां तक उसके द्वारा अश्लील गालियां बकने की आडियों भी पुलिस को युवती ने सुनाई। युवती ने बताया कि आरोपी का एक भाई यूपी में खनिज अधिकारी है और पिता वन विभाग में नौकरी करता है। जिनके दम पर आरोपी उस बुरी नजर रखता है। युवती की आपबीती सुनकर आरोपी के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध कर तलास शुरू कर दी गई है।

### कल आएंगे मुख्यमंत्री

**रीवा।** 2 अप्रैल को मुख्यमंत्री रीवा आएंगे और भाजपा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा का नामांकन फार्म कलेक्ट्रेट रीवा में दाखिल कराएंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए रीवा लोकसभा संयोजक प्रबोध व्यास ने बताया है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 2 अप्रैल को 10 बजे छिंदवाड़ा से वायुयान द्वारा रीवा प्रस्थान करेंगे। जहां वह रीवा एयरपोर्ट में 11 बजे पहुंचेंगे। फिर वह सड़क मार्ग से कोठी कम्पाउण्ड पहुंचेंगे। जहां आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। कार्यक्रम स्थल से मुख्यमंत्री रीवा लोकसभा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला व सभी विधायकों के साथ कोठी कम्पाउण्ड से शिल्पी प्लाजा होते हुए मार्तण्ड स्कूल होकर कलेक्ट्रेट कार्यालय कार्यकर्ताओं के साथ के पहुंचेंगे। जहां पर भाजपा प्रत्याशी का नामांकन फार्म जमा कराएंगे। तदुपरांत वायुयान द्वारा टीकमगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने रीवा लोकसभा प्रभारी रामलाल रौतेल, संयोजक प्रबोध व्यास ने मौके पर पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया और संबंधितजनों को व्यवस्था संबंधित निर्देश दिये।

## जिले के सभी 1496 मतदान केन्द्रों में 6 अप्रैल को मनाया जायेगा पार्टी का स्थापना दिवस - डॉ. अजय सिंह

# आज आयोजित होगी 19 मंडलों की बैठक

*भारतीय जनता पार्टी द्वारा बूथ विजय अभियान एवं आगामी दिनों में सम्पन्न होने वाले पार्टी के कार्यक्रमों को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, विधानसभ प्रभारी व संयोजक तथा मंडल अध्यक्षों की बैठक आज भाजपा कार्यालय में सम्पन्न हुई।*




रीवा ।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा प्रभारी रामलाल रौतेल उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षतस भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह ने की बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में लोकसभा संयोजक प्रबोध व्यास, पूर्व विधायक के पी. त्रिपाठी, जिला महामंत्री श्रीमती ममता गुप्ता, अशोक सिंह गहरवार एवं रामजी प्रजापति उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ अजय सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में, बूथ, शक्ति केन्द्र तथा मंडल की टीमों को आपसी मतभेद तथा मनभेद भुलाकर समाज एवं राष्ट्र के हित के लिए कमल चुनाव चिन्ह के लिए हमें प्रचार करना है साथ ही विधानसभा चुनाव में 2019 के इतिहास को दोहराते हुए दोगुने मत से रीवा लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी को विजय दिलाना है। भारतीय जनता पार्टी में हमसब एक परिवार की भांति कार्य करते है। इसीलिए भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है। भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित दल है। हम सब कार्यकर्ताओं को एक जुट होकर अपनी अपनी जिम्मेदारियों को इमानदारी पूर्वक निभाना है। साथ ही प्रत्येक बूथ में 51 प्रतिशत वोट सहित 370 वोट बढ़ाने एवं भारतीय जनता पार्टी को जिताने के लिए पाना हमारा उद्देश्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हर व्यक्ति को विकास की दिशा में जोड़ने का कार्य किया है। इसके साथ ही पार्टी द्वारा पूर्व से चलाये जा रहे लाभार्थी सम्पर्क अभियान एवं बूथ विजय अभियान को चुनाव तक निरंतर जारी रखना है साथ ही आगामी 6 अपै्रल को हमारे प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रमों में से एक पार्टी के स्थापना दिवस पर आचार संहिता की मार्यादा का पालन करते हुए प्रत्येक घर में पार्टी का झंडा लगाना है। साथ ही 4-5 अप्रेल को जिले के सभी 233 शक्ति केन्द्र की बैठकें आयोजित की जायेगी। इसके साथ ही प्रत्येक बूथ की बूथ समिति बैठकें आयोजित करके आगामी लोकसभा चुनाव के बारे में करणीय कार्य तथा अन्य विषयों को पार्टी कार्यकर्ता के मध्य बताना है। बैठक को सम्बोधित करते हुए बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लोकसभा प्रभारी रामलाल रौतेल ने कहा कि विगत दिनों भोपाल में सम्पन्न हुई प्रदेश स्तरीय बैठक में लोकसभा चुनाव में पार्टी की प्रचण्ड विजय तथा अबकी बार 400 पार के नारे को साकार करने के लिए अब हमें मतदान तक जी तोड़ मेहनत करने की जरूरत है। पार्टी एवं संगठन द्वारा जो भी लक्ष्य दिया गया है उसके अनुसार पूर्व विधायक विधानसभा संयोजक जिला पदाधिकारियों अपने प्रवास तय कर प्रत्यासी के साथ भ्रमण करना है बैठक में प्रमुख रूप से जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, विधानसभ प्रभारी व संयोजक तथा मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।आज संपन्न होने वाली मंडल बैठकों में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह बनकुइंया मंडल , लोकसभा संयोजक रामलाल रौतेल त्योंथर व रायपुर सोनौरी मडल, लोकसभा संयोजक प्रबोध व्यास अटल मंडल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वीरेन्द्र गुप्ता सिरमौर एवं दीनदयाल मंडल, जिला महामंत्री ममता गुप्ता लालगांव व रीवा ग्रामीण मडल, अशोक सिंह गहरवार रायपुर कर्चुलियान मंडल,वरिष्ठ नेता,पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कमलेश्वर सिंह कुशाभाउ ठाकरे मंडल, राम सिंह गोविन्दगढ मंडल, महाबली गौतम डभौरा मंडल, पूर्व विधायक के पी त्रिपाठी सेमरिया मंडल में शामिल होंगे।

# भूतपूर्व सैनिक के घर में घुसे चोर 90 लाख का सामान किया पार



### हाईवे के समीप सूने मकान में हुई घटना

रीवा।

पुलिस की मुस्तैदी के बाद भी चोरों की मंडली लगातार शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक घटनाओं को मौका मिलते ही अंजाम देने में पीछे नहीं हटती है। इस बार अज्ञात चोरों की मंडली ने एक भूतपूर्व सैनिक के सूने मकान को अपना निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश में जुट गई है। जिले के मनगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत हाईवे के समीप स्थित एक घर में चोरी की यह घटना सामने आई है। मनगवां थाना पुलिस ने बताया कि भूतपूर्व सैनिक शिव प्रताप सिंह पिता श्रीपत सिंह का घर हाईवे के पास बना हुआ है। बताया जाता है कि उनकी बहू विगत दिवस दोपहर को घर के चैनल गेट पर ताला लगाकर लगभग आधा किलोमीटर दूर रहने वाले अपने भाई के घर जरुरी काम के लिए गयी थी। पुलिस ने बताया कि तभी अज्ञात चोरों ने गेट पर लगे चैनल गेट का ताला तोड़ा और अंदर प्रवेश कर गये। कमरे में पहुंच कर चोरों ने वहां रखी आलमारियों और पेटी का लाक तथा ताला तोड़कर उसमें रखे सोने और चांदी के आभूषण निकाल लिए। पीड़ित शिवप्रताप सिंह ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोरों ने दो सेट सोने का कंगन, तीन नग मंगलसूत्र, आठ नग सोने की अंगूठी और एक किलो चांदी के आभूषण पार कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि चोरों ने लगभग 90 लाख रुपए के आभूषण के साथ ही घर में रखे 55 हजार रुपए नगद चोरी कर लिए हैं। मनगवां थाना में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम को घटनास्थल पर भेजा गया। टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए हैं। बताया जाता है कि पुलिस ने चोरी के इस मामले में एक संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मनगवां थाना पुलिस अज्ञात चोरों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।




# एनसीएल से मार्च माह के अंत में सेवानिवृत्त हुए 56 कर्मी

सिंगरौली।

शनिवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों से मार्च माह के अंत में 5 अधिकारी व 51 कर्मचारियों सहित कुल 56 कर्मी सेवानिवृत्त हुए।मार्च माह के अंत में एनसीएल मुख्यालय से श्री सलेखचंद वाल्मीकि (मैकेनिकल फिटर), श्री सनेही राजभर (चालक कटे–1), श्री दया शंकर (चालक ग्रेड –VI), श्री मुकेश चंद (वरीय निजी सहायक), श्री विनोद कुमार सिंह (कार्यालय अधीक्षक) ग्रेड ए सेवानिवृत्त हुए।इस अवसर पर शनिवार को एनसीएल मुख्यालय में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।एनसीएल मुख्यालय में आयोजित इस अभिनंदन समारोह के दौरान सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के अतिरिक्त निदेशक (वित्त) श्री रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री जितेन्द्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) श्री सुनील प्रसाद सिंह मुख्यालय के विभागाध्यक्षगण, श्रमिक संघ प्रतिनिधि तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।इस अवसर पर निदेशक (वित्त) श्री रजनीश नारायण ने उपस्थित सेवानिवृत हो रहे कर्मियों के कंपनी की प्रगति में योगदान की सराहना करते हुए उनको आगामी सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दीं। निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री जितेन्द्र मलिक तथा निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) श्री सुनील प्रसाद सिंह ने अपने संबोधन में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को आगामी पारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों ने एनसीएल एवं कोल इंडिया के अपने लंबे कार्यालयीन जीवन के संस्मरण साझा किए। साथ ही उनके सह कर्मियों ने भी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के योगदान पर प्रकाश डाला व उनसे जुड़े विभिन्न संस्मरण साझा किए।ग़ौरतलब है कि अभिनंदन समारोह का आयोजन महाप्रबंधक (कार्मिक) एनसीएल श्री शफ़दर ख़ान के नेतृत्व में कार्मिक विभाग ने किया। शनिवार को एनसीएल की सभी परियोजनाओं व इकाइयों में भी सेवानिवृत्त हुए कर्मियों के सम्मान में सेवानिवृत्त अभिनंदन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।

# संदिग्ध परिस्थिति में नव ब्याहता की मौत
## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



### संजय गांधी अस्पताल जमकर किया हंगामा

रीवा।

दो साल पहले जिस लड़की का विवाह उसके परिजनों ने खुशियों के साथ किया था, उसकी ससुराल में संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। बेटी की मौत की सूचना मिलते ही संजय गांधी अस्पताल पहुंचे परिजनों ने जमकर हंगामा किया। इस पूरे मामले में परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। हासिल जानकारी के मुताबिक बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शाहपुर निवासी राजेंद्र पाण्डेय के पुत्र गौरव पाण्डेय के साथ दो साल पहले ज्योति तिवारी का विवाह किया गया था। परिजनों ने बताया कि नवंबर 2021 में ज्योति की शादी गौरव के साथ की गई थी। उन्होंने बताया कि ससुराल वालों ने शादी के दौरान जो डिमांड की थी उसे पूरा किया गया। इसके बाद भी शादी के कुछ दिन बाद ससुराल वालों ने ज्योति को परेशान करना शुरू कर दिया। ज्योति के परिजनों ने बताया कि अलग-अलग चीजों को लेकर लगातार बेटी को ससुराल वालों द्वारा परेशान किया जाता था। बताया जाता है कि मायके वालों से एक दिन पहले शाम के समय ज्योति से मोबाइल पर बात हुई थी। तब उसने बताया था कि पति गौरव अपनी बहन के साथ उसके जेवरात लेकर बाजार गया है। ज्योति के घरवालों ने आरोप लगाते हुए कहा कि ससुर, सास, पति और नंद द्वारा ज्योति के साथ मारपीट करते हुए हत्या को अंजाम दिया गया है। परिजनों ने बताया कि ज्योति के शरीर पर जगह-जगह चोंट के निशान हैं। ज्योति के मौत की सूचना उसके पति द्वारा मायके वालों को दी गई। जब परिजन संजय गांधी अस्पताल पहुंचे तो वहां पर ससुराल वालों पर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। बैकुंठपुर थाना पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि महिला की मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट होगी।

### इनका कहना है

शाहपुर निवासी राजेंद्र पाण्डेय की बहू ज्योति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। मायके वाले हत्या का आरोप लगा रहे हैं। मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद स्पष्ट होगी। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

**विजय सिंह, थाना प्रभारी बैकुंठपुर रीवा**

# भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए सैकड़ों लोग
## सांसद पर लगाया निष्क्रियता का आरोप

रीवा।



लोकसभा क्षेत्र रीवा की कांग्रेस प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा के समर्थन में आज आधा सैकड़ा से ज्यादा भाजपा नेताओं ने पार्टी छोड़ दी। इसी प्रकार कई अन्य दलों से जुड़े कार्यकर्ताओं ने भी कांग्रेस के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान इन पदाधिकारियो ने सीधे तौर पर कहा कि संसद की निषक्रियता के चलते रीवा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के विकास में ग्रहण सा लगा हुआ है। विकास की आने वाली धनराशि का खुले आम दुरुपयोग किया जा रहा है। उक्त अवसर पर बीजेपी छोड़ते हुए कई नेताओं ने आरोप लगाया है कि यहां पर केवल स्वार्थ सिद्धि के काम हो रहे हैं। इन सभी को सेमरिया क्षेत्र के कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा ने सदस्यता ग्रहण कराई, साथ ही ऐसा व्यक्ति की है कि इनके कांग्रेस में शामिल होने से पार्टी और मजबूत होगी । इस दौरान सेमरिया विधायक अभय मिश्रा ने कहा कि अगर कांग्रेस का सांसद निर्वाचित होता है तो एक-एक पैसे का सदुपयोग जनता के लिए किया जाएगा। क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए सारी धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। वर्तमान की स्थिति बहुत ही गंभीर है। पिछले 10 सालों की स्थितियों का आकलन आप स्वयं कर सकते हैं। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि उन्होंने रीवा जिले के लिए कौन सी योजना केंद्र से लाई और उसका फायदा जनता को मिला। इन्होंने कहा कि जब केंद्रीय विद्यालय में सांसद कोटा चलता था तो क्या किसी सामान्य व्यक्ति के एडमिशन की सिफारिश की। श्री मिश्रा ने इस दौरान पूछा है कि वर्तमान सांसद को जनता को यह बताना चाहिए कि उन्होंने विकास के लिए कौन-कौन से काम किए। रीवा जिले की जनता वर्तमान सांसद से रूठ चुकी है और यही कारण है कि भाजपा के कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। इस बार जनता छलावे में आने वाली नहीं है और भाजपा को करारा जवाब देगी।

# रंग पंचमी में धूमधाम से संपन्न हुआ होली महोत्सव का कार्यक्रम

रीवा ।

कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी लक्ष्मण बाग संस्थान रीवा में रंग पंचमी के पावन पुनीत पर्व पर होली महोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया आयोजक लक्ष्मणबाग संस्थान के पुजारी आचार्य कृष्णकांत द्विवेदी जी ने बताया विगत कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी रंग पंचमी के पावन पर्व पर 30 मार्च को होली महोत्सव का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें सुंदर होली गीत नन्हे नन्हे बच्चों की झांकियां नृत्य कला एवं फूलों की बरसात फूल होली का आयोजन बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ इस अवसर पर



श्री चिरहुला नाथ जी के प्रमुख पुजारी स्वामी गोकर्णाचार्य जी ए पी त्रिपाठी जी जनपद सदस्य मृगेंद्रनाथ त्रिपाठी समाजसेवी सिद्धार्थ श्रीवास्तव जी साइनांजली समिति से श्रीमती डॉक्टर अनुराधा श्रीवास्तव जी ने बच्चों को गोल्ड मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत की वरिष्ठ पत्रकार मुकुंद त्रिपाठी जी आचार्य बृजेंद्र शुक्ला आचार्य शिवकांत द्विवेदी पंडित रविराज शास्त्री पंडित रामनारायण द्विवेदी राजेंद्र त्रिपाठी शैलेंद्र शर्मा राजकुमार सोनी सुनैना स्टूडियो उमेश सेन जी के विद्यार्थी एवं निलेश श्रीवास्तव जी की टीम के द्वारा बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी गई जिसमें सभी दर्शकों का मन मुक्त हो गया।